कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-30.10.2024

विषयः- थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त फहद शेख गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0494/2024 धारा 137(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त फहद शेख पुत्र अब्दुल रकीब निवासी दुलहीपुर थाना मुगलसराय जिला चन्दौली को दिनांक-29.10.2024 को समय करीब 21.30 बजे रसूलगढ़ रेलवे क्रासिंग थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार करते हुए, अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

दिनांक-28.10.2024 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि दिनांक-26/10/2024 को समय करीब 08.20 बजे रात में वादी मुकदमा/प्रार्थी की पुत्री उम्र 17 वर्ष घर की कुन्डी बाहर से लगाकर बिना बताये कही चली गई, घर के आस-पास के इलाकों, नजदीकी रेलवे स्टेशन, रिश्तेदार व परिचित के यहाँ तथा सभी संभावित जगहों पर तलाश किया लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चला, जिसके आधार पर थाना सारनाथ में मु0अ0सं0-0494/2024 धारा 137(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

फहद शेख पुत्र अब्दुल रकीब निवासी दुलहीपुर थाना मुगलसराय जिला चन्दौली, उम्र करीब 23 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अपहृता/पीड़िता, उम्र करीब 17 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- रसूलगढ़ रेलवे क्रासिंग थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से, दिनांक-29.10.2024 को समय करीब 21.30 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 0494/2024 धारा 137(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1- उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

2- का0 रामवीर थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

3- का0 पप्पू कुमार शाह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

4- म0का0 पूजा कुमारी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

5- म0का0 सुप्रिया थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।